तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 19 नवंबर 2024

11 धर्म वंशाचार्य पर हमला, कबीर पंथियों में आक्रोश

12 जिला अस्पताल की हमर लैब में मिल रही कैंसर जांच की सुविधा




## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक पंजीयन 25 तक

**धमतरी।** महाविद्यालय में पंजीकृत स्वाध्यायी (प्राइवेट) परीक्षार्थियों जिन्होंने प्रायोगिक विषय का चयन किया है, वे महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपना प्रायोगिक पंजीयन 25 नवम्बर तक करा लें। पंजीयन नहीं कराने की स्थिति में प्रायोगिक परीक्षा से वंचित होने की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

### मशरूम उत्पादन का दिया जाएगा प्रशिक्षण



**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन और वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट एण्ड कल्टीवेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 साल तक की आयु के इच्छुकों से 25 नवम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा से युक्त इस प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण बेरोजगार युवक- युवतियां आवेदन कर सकते हैं।

### पीजी कॉलेज में आज संगोष्ठी

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्हीके पाठक के निर्देशन में 19 नवम्बर को दोपहर 12:30 बजे से महाविद्यालय के नवीन भवन के उपर सेमीनार हॉल में 71 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह समारोह 2024 के तहत महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्ग के लिए सहकारी संगठन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। वक्ता पूर्व प्राचार्य डॉ. अनंत दीक्षित एवं बैंकिंग से जुड़े हुए अधिकारी कर्मचारी व्दारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 29 को

**धमतरी।** जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) और समीक्षा समिति की बैठक 29 नवम्बर को होगी। कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक शाम चार बजे और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक शाम 4.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस दौरान पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बसाहटों के हितग्राहियों के जनधन खाते, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा एवं अटल पेंशन योजनाओं के प्रगति, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार सीडिंग, एनआरएलएम, एनयूएलएम की समीक्षा की जाएगी।

### वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को




**धमतरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार देश के समस्त न्यायालयों में 14 दिसंबर को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। केएल चरयाणी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला न्यायालय धमतरी, व्यवहार न्यायालय कुरूद एवं नगरी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य बैंक रिकवरी, आपराधिक शमनीय मामलों, विद्युत, श्रम विवाद, भू-अर्जन, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक विवाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, टेलीफोन, जलकर, राजस्व एवं अन्य सिविल प्रकरण खंडपीठ में रखे जाते हैं।

धान खरीदी : टोकन समस्या बरकरार, सर्वर समस्या से किसान परेशान

# तीन दिन बाद खुले केंद्र तो धान बेचने उमड़ पड़े अन्नदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धान खरीदी केंद्र खुलते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। पहले दिन की खरीदी से डेढ़ गुना ज्यादा किसानों ने धान बेचा। दूसरे दिन की खरीदी में किसानों ने सवा लाख क्विंटल से ज्यादा धान बेचा है। उधर अभी भी किसान टोकन के लिए परेशान हैं। सर्वर डाउन होने के कारण सोमवार को भी टोकन नहीं कट पाया।

शुरूआत में सिर्फ एक ही दिन धान खरीदी हुई। इसके बाद तीन दिन छुट्टी होने के कारण खरीदी बंद रही। सोमवार से खरीदी फिर शुरू हुई। इस दिन बड़ी संख्या में किसानों ने टोकन कटवाया था। सभी खरीदी केंद्र में पूरी क्षमता के साथ धान खरीदी की गई। खरीदी केंद्रों में भी शाम तक खरीदी निबटा ली गई थी। खरीदी के पहले दिन 1848 किसानों ने धान बेचा था, जबकि दूसरे दिन 2949 किसानों ने धान बेचा। पहले दिन 65 हजार 548 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। दूसरे दिन दोगुना ज्यादा 1 लाख 27 हजार 904 क्विंटल धान की खरीदी हुई। अब तक कुल 1 लाख 93 हजार 452 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, जिसके एवज में किसानों को 44 करोड़ 66 लाख 6 हजार 112 रूपए का भुगतान किया गया है।



### धमतरी में बरसा धान, नगरी भी दे रहा टक्कर

अब तक की खरीदी की स्थिति देखें तो सर्वाधिक धान की खरीदी धमतरी शाखा के खरीदी केंद्रों में 32 हजार 113 क्विंटल हुई है। यहां पर 795 किसानों ने धान बेचा है। नगरी शाखा दूसरे नम्बर पर है जहां पर 648 किसानों से 28 हजार 391 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। कोर्रा और कुरूद शाखा तीसरे नम्बर पर हैं, जहां पर क्रमशः 19 हजार 422 और 20 हजार 352 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। संबलपुर शाखा में 195 किसानों से 7 हजार 56 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। करेली शाखा में 3 हजार132 क्विंटल, दरबा शाखा में 4 हजार 88, नारी शाखा में 2 हजार 284, भखारा शाखा में 405 किसानों ने 16 हजार 549 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

### खरीदी केंद्रों में 3 दिसंबर तक टोकन फुल

टोकन शत- प्रतिशत ऑनलाइन करने से किसानों की समस्या बढ़ गई है। सर्वरडाउन होने के कारण किसान टोकन नहीं ले पा रहे हैं। किसी के मोबाइल में एप ही नहीं खुल रहा है तो किसी के मोबाइल में एरर बता रहा है। किसानों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से टोकन के लिए एप नहीं खुल रहा है। टोकन ऑफिस टाइम में ही कटता है। रविवार को छुट्टी का दिन होने के बाद भी 1 घंटे के लिए एप खुला। जिन किसानों को जानकारी लगी उन्होंने तत्काल ही टोकन ले लिया। बड़ी संख्या में किसान लगातार टोकन के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्हें एप खुलने की जानकारी नहीं लगी। अब लगभग सभी खरीदी केंद्रों में 3 दिसंबर तक टोकन फुल हो गया है। इसके आगे की तारीख एप में नहीं आ रही है।

### अवैध धान पकड़ाया



धान खरीदी में अफरा-तफरी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया है। इसी के चलते टीम लगातार सीमावर्ती गांवों के साथ पूरे जिले में नजर रखी हुई है। 15 नवंबर को ब्लाक स्तरीय संयुक्त टीम ने नगरी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने रोशन ट्रेडर्स बोराई से 160 क्विंटल , दीपक ट्रेडर्स बोराई से 108 क्विंटल, आयुष्मान ट्रेडिंग कम्पनी धमतरी से 75 क्विंटल, भंसाली ट्रेडर्स से 115 एवं बाबूलाल चंपालाल जैन बोराई के प्रतिष्ठान से 60 क्विंटल अवैध धान जब्त किया। चारों फर्म संचालकों के खिलाफ मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल 518 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

लालबगीचा, शीतलापारा के उपभोक्ताओं को दो से लेकर आठ हजार तक थमाया बिल

# भारी-भरकम बिजली बिल के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अनाप-शनाप बिजली बिल थमाए जाने के खिलाफ उपभोक्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर और पार्षद सूरज गहरवाल की अगुवाई में लालबगीचा, शीतलापारा वार्ड के दर्जनों बीपीएल परिवार की महिलाओं ने पाम्पलेट और बिजली बिल लहराकर शासन प्रशासन के विरोध में नारे लगाए। मौके पर ज्ञापन लेने पहुंचे विद्युत विभाग के डीई श्री सोनी ने बिजली बिल की जांच करने का आश्वासन दिया।

नवंबर माह में सुरक्षा निधि के साथ थमाए गए बिजली बिल ने गरीब परिवारों को चिंता में डाल दिया है। वर्तमान में बिजली विभाग हर घर में नये मीटर लगा रहा है। राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के विस अध्यक्ष हितेश गंगवीर, शीतलापारा वार्ड पार्षद सूरज गहरवाल, ईश्वर सोनकर ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना का उनका संगठन विरोध करता है। जबसे स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है तब से अनाप शनाब बिजली बिल लोगों को थमाया जा रहा है। 500 से 600 रुपए बिजली बिल जमा करने वालों को 5 से 6 हजार का बिल मिलने से वे सकते में आ गए हैं। गरीबों के लिए भारी भरकम बिल पटाना संभव नहीं है। शीतलापारा की मिथलेश्वरी ने कहा कि उनका हर माह 500 रूपए से कम बिजली बिल आता था। इस बार 2300 रुपए का बिल दिया गया है। फेंकनबाई कहती है कि पुराने मीटर में 300 का बिल आता था। पिछले माह नया मीटर लगाया गया और 1700 का बिल आ गया। इस माह 1500 का बिल आया है। सीमा यादव कहती हैं कि उनके यहां प्रति माह 800 रुपए के आसपास बिजली बिल आया करता था। अभी 3100 रूपये के बिल ने चिंता में डाल दिया है। सुशीला, निर्मला, समारीबाई कहती हैं कि वे रोजी मजदूरी कर परिवार का पालन करती हैं। 3 से 4 हजार रुपए के बिजली बिल से वे परेशान हो गए हैं। बिजली बिल पटाये कि घर के राशन पानी की व्यवस्था करे कुछ समझ नहीं आ रहा है।

### बिजली बिल की चेकिंग राहत कुछ भी नहीं

कांग्रेस विस अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने बताया कि कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के दौरान विद्युत विभाग के डीई श्री सोनी ने बिजली बिल का चेक कराने विद्युत विभाग बुलाया। विद्युत विभाग जाने पर बिजली बिल की जांच की गई। जांच में 12 महीने के कुल बिजली बिल को जोड़कर एक माह का एवरेज बिल निकाला गया। इस माह के बिजली बिल में दो माह एवरेज बिल सुरक्षा निधि के रूप में लिया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग ने अपना तर्क देकर गरीब उपभोक्ताओं को गुमराह कर दिया। लोगों को बिना कोई राहत के निराश होकर घर लौटना पड़ा है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# अवैध शराब की बिक्री कर रही महिला पकड़ाई



■ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

**धमतरी।** पुलिस ने देवारपारा में दबिश देकर अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रही महिला पर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से स्टेशनपारा के देवारपारा में एक महिला द्वारा अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री किये जाने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच रेड की कार्रवाई की। इस दौरान सुमन ध्रुव पति अजीत उम्र 22 वर्ष स्टेनशनपारा देवारपारा निवासी बस्ती में अवैध रूप से शराब की बिक्री करते मिली। पुलिस आरोपिया को पकड़ उसके कब्जे से 18 पौवा मसाला शराब कीमत 1980 रूपये व बिक्री रकम 120 रूपये कुल 21 सौ रूपये को जब्त किया। पुलिस ने सुमन ध्रुव के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(1)(ख) के तहत कार्रवाई की है।

## पैरामेडिकल/नर्सिंग/स्वास्थ्य कर्मचारी में प्रवेश हेतु आवेदन सूचना (2024-25)

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग. के विभित्र प्राइवेट चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ति हेतु संस्थान एक एवं दो वर्षीय राष्ट्रीय कौशल विकास द्वारा संचालित कोर्स के अंतर्गत में कक्षा 12वीं (पास/फेल कोई भी विषय से हो) छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित।

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ईएमटी/ MPHW | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** 1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) 2. चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। 4. 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। 5. किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/12/2024 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 05/01/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक** NSDC/SDMS **केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय__________ पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम__________
पिता/पति__________ जन्म तिथि__________
वर्ग अनुज जाति__________ अनु जाति__________ अन्य पि. वर्ग__________
सामान्य__________ पत्र व्यवहार का पता__________
__________ पिन कोड__________
मो. नं.__________ बाट्सअप नं__________
पालक का मो. न__________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग__________
में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________ मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.__________
हस्ताक्षकर__________ पालक का हस्ताक्षर__________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### बाल मेला में बच्चों ने लगाए स्टॉल

**बगदेही(धमतरी)।** महाश्वेता उमावि थूहा में बाल मेला का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा गुपचुप, दबेली, आलूचाप, समोसा, पोहा, मैगी समेत अनेक व्यंजन बनाए गए। बाल मेला में प्रिंसिपल एमके साहू समेत टीचर स्टाफ ने बच्चों का उत्सावर्धन किया।

### जनदर्शन में मिले 58 आवेदन





- कलेक्टर नम्रता गांधी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**धमतरी।** लोगों की समस्या, शिकायत और मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण के लिए जिले में हर सोमवार को कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के ग्रामीण और शहरी अंचल से पहुंचे फरियादियों की समस्या, शिकायत और मांग को गंभीरता से सुनकर इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में जल जीवन मिशन अंतर्गत कनेक्शन प्रदान करने, विद्युत व्यवस्था, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की नियुक्ति, प्रशिक्षण उपरांत मशीन उपलब्ध कराने, राशन कार्ड बनाने, नक्शा उपलब्ध कराने, अतिक्रमण हटाने, इलाज हेतु सहायता, निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड का उपयोग करने तथा लंबित मजदूरी भुगतान इत्यादि संबंधी कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले में प्राकृतिक आपदा से मृतक के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। नगरी तहसील के ग्राम तुमड़ीबहार निवासी ईश्वर नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु होने के फलस्वरूप उनकी माता श्रीमती ईश्वरी नेताम को आरबीसी 6-4 के तहत चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। ग्राम खम्हरिया की कन्वलीबाई नेताम की आग से जलने पर मृत्यु होने पर उनके पुत्र श्यामलाल नेताम को आरबीसी 6-4 के तहत चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। धमतरी के राजीव नगर हटकेशर वार्ड निवासी गोपाल कौशिक की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती मालती कौशिक, भखारा तहसील के ग्राम कोर्रा की श्रीमती हितेश्वरी साहू की जलने से मृत्यु होने पर उनके पति मुकेश साहू कुरूद तहसील के ग्राम कन्हारपुरी निवासी श्रीमती भगवंतीनबाई की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र संतोष कुमार और मगरलोड के ग्राम धनोरा निवासी रामप्रसाद मण्डावी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती लोकेश्वरी मण्डावी को आरबीसी 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

### कार्तिक पूर्णिमा पर कर्णेश्वर घाट में हुआ आयोजन

# गोवर्धन पूजा महोत्सव में राऊत नाचा की रही धूम

- मंत्री टंकराम ने यादवों को भगवान कृष्ण का वंशज बताते हुए उनके मार्ग पर चलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



कार्तिक पूर्णिमा पर कर्णेश्वर घाट में गोवर्धन पूजा महोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्र से यादव समाज के लोग शामिल हुए। यादव समाज द्वारा राऊत नाचा, कलश सजावट व राधा कृष्ण झांकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रत्येक प्रतियोगिता में एक से पंचम तक नकद राशि पुरस्कार व प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। प्रतियोगिता में में राऊत नाचा की धूम मची रही। राधा कृष्ण की झांकी को लोग अपलक निहारते रहे। महिलाओं ने एक वेशभूषा धारण कर कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा प्रभारी मंत्री जिला धमतरी, अतिविशिष्ट अतिथि अम्बिका मरकाम विधायक सिहावा थे। अध्यक्षता नंद यादव अध्यक्ष सर्व यादव समाज सिहावा क्षेत्र ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने क्षेत्र के मनोरम दृश्य की सराहना की साथ ही यादवों को भगवान कृष्ण का वंशज बताते हुए उनके मार्ग पर चलने का संदेश दिया। समाजजनों की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने दस लाख रूपए और विधायक अम्बिका मरकाम ने दस लाख रूपए की घोषणा गोवर्धन पूजा स्थल पर शेड निर्माण के लिए की। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष भाजपा प्रकाश बैस, पिन्की शाह पूर्व विधायक, भानेद्र ठाकुर, नागेन्द्र शुक्ला, कमल डागा, बलजीत छाबड़ा ने भी संबोधित किया। मौके पर सर्व यादव समाज के अध्यक्ष नंद यादव, युवा अध्यक्ष डीके यादव, खेमिन यादव, माधव यादव, संतोष यादव, अंकालु यादव, गणेश यादव, डोमेन्द्र यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

# गुरुनानक जयंती पर सिख व सिंधी समाज ने निकाली शोभायात्रा

- विभिन्न समाज के लोगों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया, युवाओं ने दिखाये करतब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





सिख समाज के प्रथम गुरु गुरुनानक देव महाराज की जयंती सिख व सिंधी समाज ने मनाई। गुरुद्वारे में लंगर का कार्यक्रम हुआ। शाम को नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाजजनों का उत्साह देखते ही बना।

शोभायात्रा में विधायक अंबिका मरकाम, वरिष्ठ कांग्रेसी भानेंद्र ठाकुर, पूर्व एल्डरमेन पेमन स्वर्णबेर, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, कमल डागा, रूपेंद्र साहू, डॉ गोकुल देवांगन रूपनारायण पचौरी, रवि भट्ट, मिश्रीलाल जैन, सनी छाजेड़ शामिल हुए। शोभायात्रा शहर के गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, बजरंग चौक, महावीर चौक, राजा बाड़ा, चुरियारापारा होते हुए गुरुद्वारा भवन पहुंची। इस दौरान रास्ते में खूब आतिशबाजी हुई शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाज के लोगों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा की प्रथम पंक्ति पंक्ति में निशान साहब के साथ युवा चल रहे थे। दूसरी पंक्ति में धमतरी सिख समाज के प्रमुख तथा तीसरी पंक्ति में पंच प्यारे चल रहे थे। रथ में गुरु ग्रंथ देव महाराज विराजमान थे। पंच प्यारे और निशान साहब के सम्मान में समाज की बच्चियों और महिलाएं सड़क की सफाई कर पानी का छिड़काव कर रही थीं। अंतिम पंक्ति में समाज की महिलाएं शबद कीर्तन कर रही थी। रायपुर से पहुंचे गतका में समाज के युवाओं ने खूब कलाबाजी दिखाई जो शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में पुरुष सफेद कुर्ता पजामा और पीली पगड़ी पहनकर शामिल हुए। महिलाएं सफेद परिधान में पीली चुनरी पहनी हुई थी। सभी समाजजनों ने गुरु ग्रंथ साहिब पर माथा टेककर श्रद्धा प्रकट की। शोभायात्रा का स्वागत प्रिंस गोलछा परिवार, मिश्री जैन परिवार, विनय नाहटा, खेमचंद चोपड़ा परिवार ने किया। संघ के लोगों ने जलपान की व्यवस्था की थी। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष अनिल वाधवानी, जसवंत सिंह खनूजा, सुरजीत सिंह खनूजा, सुरेश नारंग, शंकर पंजाबी, प्रेमप्रकाश वाधवानी, राकेश नारंग, बलजीत छाबड़ा, जसपाल खनूजा, गिरधर टहलवानी, राजू टहलवानी, अजीत सिंह भाटिया, संजय वाधवानी, सचदेवा समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## 57 सोसाइटी कर्मचारियों की पदोन्नति कार्रवाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी ब्लाक से 57 समिति कर्मचारियों के पदोन्नति की कार्रवाई शुरू हो गई है। जिलाधीश को कार्रवाई की जानकारी दी गई है।

नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि इससे पहले सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला धमतरी ने इस मांग को लेकर जिलाधीश को लिखित आवेदन किया था। इसके बाद उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी ने पदोन्नति प्रकिया शुरू की। इससे कर्मचारियों में खुशी है।

## तहसील साहू समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



तहसील साहू समाज कुरुद द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। अतिथि साहू समाज के जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने कहा कि यह त्योहार भाईचारा एवं खुशियां लेकर आता है। घरों की सफाई कर इसे हर्षोल्लास से मनाया जाता है। यादव समाजजनों के साथ गोवर्धन पूजा की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि साहू समाज एक आदर्श समाज है जो सबको साथ लेकर चलता है। एक दूसरे के दुख सुख में काम आता है। समाज के विकास के लिए एकता जरूरी है।

तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि यह त्योहार हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है।

मौके पर कोषाध्यक्ष गणेश राम साहू, तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू, सचिव लिखन साहू, निरंजन साहू , गायत्री साहू, रामेश्वर साहू, हेमराज साहू, केजूराम साहू, तुलेद्र साहू, गोकुल साहू, प्यारेलाल साहू, गैंदलाल साहू, सुमन साहू जिला पंचायत सदस्य, कमल नारयण साहू, तुकेश साहू, डेरहा, यमुना साहू, सतरूपा साहू, दुर्गा साहू, भुनेश्वर साहू, उत्तम साहू, भुवन साहू, राम प्रसाद साहू उपस्थित थे।

## आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

कार्तिक माह में आंवला वृक्ष की पूजा का विधान है। दुर्गा पारा सोनपैरी में बालिकाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। रात्रि में बालिकाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में खुमेश, ममता, कंचन, हेमा, डिम्पल, दुर्गेश्वरी, कुसुम, रीना, भूमिका, दीपिका, विद्या, कविता, मोना, उमा, भावना, तारनी, चेतना, रानू, लता, यसोमती, खुमेश, रोशनी का सहयोग रहा।

## कोसमर्रा में मां परमेश्वरी मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



कार्तिक पूर्णिमा पर ग्राम कोसमर्रा (भखारा) में देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी मंदिर निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि विनय देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेरित देवांगन अध्यक्ष देवांगन समाज बिजनापुरी मंडल ने की। विशेष अतिथि रामगोपाल देवांगन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष देवांगन समाज छत्तीसगढ़, कुंजलाल देवांगन संरक्षक जिला देवांगन समाज धमतरी थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि कोसमर्रा में देवांगन समाज की कुलदेवी मां परमेश्वरी का मंदिर बनने जा रहा है। यह गर्व की बात है। मौके पर बृजलाल देवांगन कोषाध्यक्ष, रामचंद्र, खूबलाल देवांगन सहसचिव, दशेलाल देवांगन मंडल अध्यक्ष, मोहित देवांगन विधिक सलाहकार, कमलेश देवांगन, कामताप्रसाद, कन्हैया देवांगन, ढालेश देवांगन, पवन देवांगन, दूजराम देवांगन, सेवकराम, केदार, यशवंत, बल्लू, लेखराम, भुवन सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

## एनएसएस विद्यार्थियों को समाज से जोड़ता है : यदु






- गणेशपुर में जीजामगांव कॉलेज का विशेष शिविर आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव का एक दिवसीय विशेष शिविर ग्राम गणेशपुर में प्राचार्य डा. सीआर यदु के निर्देशन में आयोजित हुआ। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती रेखा कल्याण यादव, विशेष अतिथि बंशीलाल पटेल अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति, डॉ. ललित निषाद, गीताबाई, कुमारीबाई, पाचो निषाद, जालिकराम नेताम, बैशाखूराम नेताम, प्रीतम निषाद, बलराम, आशो निषाद, रुक्मणि निषाद थे।

मुख्य अतिथि रेखा यादव ने कहा कि एनएसएस का क्षेत्र व्यापक है। आज की नई पीढ़ी को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में एनएसएस महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। विशिष्ट अतिथि डॉ. ललित निषाद ने कहा कि युवाओं का सही मार्गदर्शन करने मे एनएसएस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बंशीलाल पटेल ने कहा कि एनएसएस गांव में स्वच्छता, जन-जागरूकता, वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। प्राचार्य डॉ. सी आर यदु ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को समाज से जोड़ता है व्यक्तित्व विकास में उनका अहम योगदान है। एनएसएस प्रभारी पुष्पा दर्रो ने एनएसएस के उद्देश्य एवं युवाओं की भूमिका संबंधी अपनी बात रखी।

स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक स्थलों, सड़को, मंदिरों, तालाबों के आसपास की साफ-सफाई की। छात्रों ने रैली के माध्यम से स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, शिक्षा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में शुभम सुराना, यतींद्र सिंह परिहार, देवीदयाल द्विवेदी, नारायण द्विवेदी, नवीन वर्मा, अनिल साहू, दीपक कुर्रे ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक पृथ्वीराज साहू व लीना बैस ने किया। इस अवसर पर एनएसएस छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बाल कवियों ने युवा शक्ति, दहेज प्रथा, बालिका शिक्षा, छत्तीसगढ़ दर्शन पर पढ़ी कविता

# राजधानी में गूंजी करेली बड़ी स्कूल के बच्चों की कविताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड




रायपुर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था वक्ता मंच ने वृंदावन सभागृह में स्व. बंशीलाल शर्मा स्मृति में अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य, चिकित्सा, व्यवसाय, समाज सेवा, पत्रकारिता एवं विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं का चयन कर 100 प्रतिभाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम दो सत्र में संचालित हुआ। प्रथम सत्र में सम्मान समारोह एवं द्वितीय सत्र में बाल कवि सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग राज्य विद्युत विनियामक आयोग के निर्देशक कमलेश दिल्लीवार थे। अध्यक्षता पर्यटन मंडल के प्रबंधक मयंक दुबे ने की। विशेष अतिथि शिवशंकर सोनपिपरे, शोभा शर्मा, टीके भोई, आरएन सिंग एवं ललित मिश्रा थे।

बाल कवियों ने बालिका शिक्षा से लेकर छत्तीसगढ़ दर्शन को अपनी कविता में शामिल किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी की साहित्यिक संस्था आओ कविता लिखें समूह के संस्थापक जितेंद्र सुकुमार ने बताया कि हमारी संस्था के 32 बाल कवियों को बंशीलाल शर्मा स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया। बाल कवियों ने युवा शक्ति, दहेज प्रथा, शराबबंदी, बालिका शिक्षा, छत्तीसगढ़ दर्शन, भ्रष्टाचार, देशभक्ति , जीवन दर्शन जैसे विषयों पर कविताओं से जादू बिखेरा।

### बाल कवि रहे आकर्षण का मुख्य केंद्र : राजेश

वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने बताया कि प्रदेश में बालकवि सम्मेलन पहली बार हुआ। बाल कवियों ने अपनी कविताओं से सभी को अभिभूत कर दिया है। बाल कवि सम्मेलन का आयोजन करने का उद्देश्य गांव की प्रतिभाओं को मंच एवं अवसर प्रदान करना है। ये बालकवि आकर्षण का मुख्य केंद्र बने रहे। वरिष्ठ साहित्यकार राजाराम रसिक, टीसी जयसवाल, पूर्णेश डड़सेना, इंद्रदेव यदु, शाला विकास समिति अध्यक्ष महेन्द्र साहू, प्राचार्य किशोर कुमार जांगड़े सहित स्टाफ ने हर्ष व्यक्त कया। वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू ने आभार व्यक्त किया।

## सोनपैरी में गुरु पूर्णिमा मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम सोनपैरी में अमित विक्रम बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा मनाई गई। समिति के सदस्यों ने गुरु दुखूराम यादव का गुलाल, पुष्पमाला से स्वागत कर आशीर्वाद लिया साथ ही गुरु के आशीर्वाद से निरंतर कार्य करने की शपथ ली।

## अंचल की खबरें

### सशिमं मड़ाईभाठा के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा के कक्षा सातवी, आठवीं व दसवीं के छात्रों व शिक्षकों द्वारा इर्रा के मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अमन राव ने बताया कि मैदान में प्रतिदिन सुबह संघ शाखा के जिला सह संघचालक जितेन्द्र यदु द्वारा छात्रों को मोटिवेट किया जाता है। स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की 145वीं जयंती पर चलाया गया एक महत्वपूर्ण अभियान है। यह अभियान नई दिल्ली के राजघाट से शुरू किया गया था। मौके पर भीमसेन साहू, ओमेश, चिरंजीवी, खेमराज, डेनिश, गितेश, समीर, युवराज, सागर, तुषार, हेमेश, तनिषा, पल्लवी, लावण्या, त्रिक्षा, भूमिका, हर्षिता, तिशिका, मनीष, ओजस्वी, दीपिका, दिव्या, कौशलेंद्र समेत अन्य उपस्थित थे।

### शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान



**धमतरी।** ग्राम दर्री (खरेंगा) में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई भोथली, ग्रामीण साहू समाज दर्री, परिक्षेत्र साहू समाज झिरिया, तहसील साहू समाज धमतरी व जिला साहू समाज के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को हेलमेट, नेटबैंड इयरफोन व प्रमाण- पत्र प्रदान किया गया।मौके पर साहू समाज के प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, शिक्षा अधिकारी एमआर मगर, बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू, भगवताचार्या भूमिका साहू, हिरेन्द्र साहू, दर्री सरपंच गीतेश्वरी साहू, डेरहूराम साहू, मिलेश साहू, काशीराम साहू, चतुर साहू, क्षेत्रपाल साहू, अशोक साहू, चन्द्रमा साहू, माखन यादव, डेमन, शिवकुमार साहू, बिशु चक्रधारी, उप सरपंच, शेखन साहू, कार्तिक राम, चोखेलाल, शिवशंकर यादव, डा. गणेश प्रसाद साहू, डा. मंजूषा साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### शिविर में 80 लोगों ने कराया स्वास्थ्य उपचार




**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डा श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में ग्राम भानपुरी में रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी केके साहू एवं उनकी टीम ने सेवाएं दीं। शिविर में गांव के लगभग 80 लोगों ने अपना स्वास्थ्य उपचार कराया। डा केके साहू ने स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की तथा स्वास्थ्य संबंधी विशेष टिप्स देते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने व प्रतिदिन योगाभ्यास करने की अपील की। स्वास्थ्य शिविर में डिगेश्वर अटल रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, जानकी साहू सरपंच भानपुरी, संतराम ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष, डोमन साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष, शिविर नायक छत्रपाल, शिविर नायिका योगिता साहू समस्त स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने मनाई पंडित नेहरू की जयंती



**धमतरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन धमतरी में मनाई। सभी ने चाचा नेहरू अमर रहे तथा भारत माता की जय हो के नारे लगाए। वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन-चरित्र तथा त्याग पर प्रकाश डाला। देश को दिए गए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। इस मौके पर जालमपुर वार्ड के बिट्टू सिन्हा सहित कई युवाओं को कांग्रेसी साफा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश करवाया गया एवं कांग्रेस की विचारधारा को जन- जन तक पहुंचाने की बात कही। इस दौरान महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक लेखराम साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आकाश गोलछा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रकाश जैन, पार्षद राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, ब्लॉक महामंत्री आशुतोष खरे, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदित नारायण साहू, दीपक साहू, संजू साहू, पवन यादव, सूरज पासवान, मिथिलेश साहू, शेख शोहेल, बिट्टू सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निबंध प्रतियोगिता में नेहा व पोस्टर में कुणाल प्रथम





**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित पं जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर प्राचार्य चैतराम साहू ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सभी गतिविधियों में भाग लेने से सर्वांगीण विकास होता है। अनुशासित रहकर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, सेजल द्वितीय, पोस्टर में कुणाल प्रथम, रस्सी खींच एवं रूमाल झपट्टा में प्रथम कक्षा दसवीं की छात्रा सुनैना, पोमेश, प्रीति, प्रियंका, गीतांजलि, दिव्या, टकेश्वरी, लक्ष्मी यादव, लक्ष्मी तारक, प्रीति, किरण, नुपुर एवं रस्सी खींच बालक वर्ग में प्रथम कुलदीप, डागेन्द्र, कुणाल, रामेश्वर एवं साथी रहे। इस अवसर पर स्टाफ एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

विधायक के प्रयास से कुरूद-मेघा मगरलोड मार्ग पर पुल निर्माण के लिए 47 करोड़ स्वीकृत

# क्षेत्र के समग्र विकास में सहायक होगी यह स्वीकृति : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छग शासन के लोक निर्माण विभाग ने धमतरी जिले के कुरूद-मेघा मगरलोड मार्ग स्थित महानदी नदी पर उच्च स्तरीय पुल और उसके पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 46.96 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। विभाग द्वारा जारी आदेश में इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और शर्तों के साथ कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया तय की गई है।

#### स्वीकृति मिलने पर विधायक ने जताया आभार



विधायक अजय चंद्राकर ने मेघा पुल की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया। विधायक ने आगे कहा कि इस पुल के निर्माण से न केवल क्षेत्र के यातायात की समस्या का समाधान होगा, बल्कि यह क्षेत्र के समग्र विकास में भी सहायक होगा। वे आभारी हैं कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित मंत्री ओपी चौधरी ने इस परियोजना को जल्द मंजूरी दी, जिससे 75,000 प्रभावित ग्रामीणों को जल्द राहत मिलेगी।

इस पुल निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को 12 नवम्बर 2024 को पत्र लिखकर वित्त

#### यातायात समस्या से उबरेंगे अब क्षेत्रवासी

विधायक श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था कि नए पुल के निर्माण हेतु प्रस्तावित प्रशासकीय स्वीकृति को तत्काल जारी किया जाए ताकि इस संकट से स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। जिसके चलते छग शासन के लोक निर्माण विभाग ने अब इस प्रस्तावित पुल के निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिससे क्षेत्र की जनता को लंबे समय से चल रही यातायात की समस्या का समाधान मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय क्षेत्रीय जनता के प्रति विधायक चंद्राकर के निरंतर प्रयास का परिणाम है और इससे इलाके के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। अब इस पुल के निर्माण से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिल सकेगी।

विभाग से शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति देने की मांग की थी। श्री चन्द्राकर ने अपने पत्र में बताया था कि कुरूद-मेघा मगरलोड मार्ग पर स्थित 973 मीटर लंबा पुराना पुल 21 सितंबर 2024 को क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण लगभग दो महीने से इस मार्ग पर आवागमन बाधित है। इस समस्या से 75,000 ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं और क्षेत्र में जन आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसे छग शासन ने स्वीकति प्रदान की है। प्रशासनिक स्वीकृति के बाद अब इस परियोजना का कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है। क्षेत्रीय लोगों की जरूरतों के अनुसार इसे जल्द पूरा करने प्रयास किया जाने की अपेक्षा है।

## पेंटाथेलान से निखरेंगी ग्रामीण प्रतिभाएं : दीपक



- एसोसिएशन की बैठक में एथलेटिक्स को बढ़ावा देने बनाई गई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष रीतिका यादव के नेतृत्व में हुई। बैठक में दीपक ठाकुर के मार्गदर्शन में एसोसिएशन के आगामी कार्यक्रमों और एथलेटिक्स को बढ़ावा देने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। सभी विकासखण्ड से खिलाड़ियों का चयन पेंटाथेलान खेल के लिए किया जाएगा और उन खेलों में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन जिलास्तरीय खेल हेतु किया जाएगा।

जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय एथलेटिक्स खेल के लिए भेजा जाएगा। श्री ठाकुर ने कहा कि पारदर्शिता के साथ खेलों का आयोजन होना चाहिए। किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं होना चाहिए। गांवों के कोने- कोने से प्रतिभाओं को ढूंढकर अवसर देने की आवश्यकता है। बैठक में उपाध्यक्ष उदय गाड़ेवाल, सचिव हिमांशु चंद्राकर, अनूप यदु कोषाध्यक्ष, जिला प्रभारी रवि धनकर जी की सक्रिय भागीदारी रही।

मौके पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुलसी साहू, पीटीआई चंद्र प्रकाश, तिकेश्वरी चंद्राकर, टिकेश्वर नीलमारकर उपस्थित थे। बैठक में खेल और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए नए कार्यक्रम को लागू करने पर चर्चा की गई। अध्यक्ष रीतिका यादव ने कहा कि धमतरी जिले में एथलेटिक्स को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

## विफलता तब मिलती है जब हम अपने आदर्शों, सिध्दांतों को भूल जाते हैं : नूतन




- ज्ञान अमृत इंग्लिश स्कूल में बाल दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ज्ञान अमृत इंग्लिश स्कूल में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नूतन देवांगन अध्यक्ष बाल सदन शिशु सदन ज्ञान अमृत इंग्लिश स्कूल धमतरी, विशिष्ट अतिथि पूरबसिंह वर्मा ज्ञान अमृत स्कूल, प्रधानपाठिका पुष्पलता जाधव थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि विफलता तब मिलती है जब हम अपने आदर्शों, उद्देश्यों और सिध्दांतों को भूल जाते है। चाचा नेहरू बच्चे को भारत का भविष्य कहते थे। एक आदर्श नागरिक बनना ही चाचाजी के प्रति हमारी सच्ची श्रध्दांजलि होगी। प्रधानपाठिका



पुष्पलता जाधव ने कहा कि नेहरू जी को बच्चों से बेहद स्नेह था। उनका मानना था कि किसी भी देश का भविष्य उस देश के बच्चों पर निर्भर करता है। बाल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। म्यूजिकल चेयर में प्रथम आकांक्षा देवदास, द्वितीय तनिषा साहू, पिरामिड ऑफ ग्लास में प्रथम कशिश पटेल, द्वितीय शौर्य साहू रहे। कार्यक्रम का संचालन अलिषा मेमनएवं आभार प्रदर्शन अनूपा टंडन ने किया।

## धर्म वंशाचार्य पर हमला कबीर पंथियों में आक्रोश



- पोटियाडीह आश्रम के अनुयायियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- धर्म प्रचार के लिए स्वतंत्रता एवं शांतिपूर्ण वातावरण देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धर्म वंशाचार्य उदित नाम साहेब पर हमला करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई के लिए कबीर पंथियों ने कलेक्टोरेट में आवाज बुलंद की है। सोमवार को पोटियाडीह आश्रम के कबीर पंथियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

कबीर पंथ समाज के अध्यक्ष महंत बजरंग दास, जिला युवा प्रतिनिधि थानेश्वर साहू, प्रताप सिंह, फागेश्वर दास मानिकपुरी ने बताया कि कबीर पंथ का इतिहास 600 साल पुराना है। इसके अनुयायी भारत के अलावा अनेक देशों में निवासरत हैं। कबीर पंथ व्यक्ति निर्माण, सद्भावना, भाईचारा को बढ़ावा देता है। यह शांति का पंथ है। 31 अक्टूबर को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा जिला बलौदाबाजार में असामाजिक व आपराधिक तत्वों ने नवोदित वंशाचार्य हुजूर उदित नाम साहेब पर जानलेवा हमले की कोशिश की गई। इससे अनुयायियों में आक्रोश है। हमेशा शांति का मार्ग दिखाने वाले वंशाचार्यों के खिलाफ किसी प्रकार का दुर्भावना एवं षडयंत्र कबीर पंथियों को स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि वंशाचार्यों पर हमला करने वाले असामाजिक एवं गैर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई कर पंथ आचार्यों को धर्म प्रचार में स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बोधीराम साहू, बंशीराम साहू, शिवचरण साहू, खेलूराम साहू, गीताबाई, शांतिबाई, कुसुम बाई, रामती बाई साहू, रेखा, बहुरा, तेजेश्वर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जिले के स्कूलों के लिए 1253 क्विंटल खाद्यान्न आवंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मध्यान्ह भोजन योजना के तहत जिले के 1351 प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के लिए माह दिसम्बर 2024 हेतु कुल 1253 क्विंटल चावल आवंटित किया गया है। इसमें 891 प्राथमिक स्कूलों के लिए 628 क्विंटल 90 किग्रा और 460 माध्यमिक स्कूलों के लिए 624 क्विंटल 10 किग्रा खाद्यान्न का आवंटन शामिल है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि धमतरी विकासखण्ड के 291 स्कूलों के लिए 302 क्विंटल 10 किग्रा खाद्यान्न का आवंटन किया गया। इसमें 174 प्राथमिक स्कूलों के लिए 142 क्विं. 90 किग्रा और 117 माध्यमिक स्कूलों के लिए 159 क्विं. 20 किग्रा खाद्यान्न आवटन शामिल है। इसमें से धमतरी शहर के 55 स्कूलों में खाद्यान्न आवंटन के लिए एनजीओ को 25 क्विं. 30 किग्रा खाद्यान्न आवंटन किया गया है।

इनमें 32 प्राथमिक स्कूलों के लिए 11.90 क्विं. और 23 माध्यमिक स्कूलों के 13.40 क्विं. खाद्यान्न आवंटन शामिल है। कुरूद विकासखण्ड के 308 स्कूलों के लिए 370 क्विं. 10 किग्रा चावल का आवंटन किया गया है। इसमें 187 प्राथमिक स्कूलों के लिए 178 क्विं. 60 किग्रा और 121 माध्यमिक स्कूलों के लिए 191 क्विं. 50 किग्रा चावल आवंटित किया गया है। मगरलोड विकासखण्ड के 226 स्कूलों के लिए 222 क्विं. 50 किग्रा खाद्यान्न का आवंटन किया गया है। इनमें 154 प्राथमिक स्कूलों के लिए 112 क्विं. 80 किग्रा और 72 माध्यमिक स्कूलों के लिए 109 क्विं. 70 किग्रा खाद्यान्न शामिल है। इसी तरह नगरी विकासखण्ड के 471 स्कूलों के लिए 333 क्विं. खाद्यान्न का आवंटन किया गया है। इसमें 344 प्राथमिक स्कूलों के लिए 182 क्विं. 70 किग्रा और 127 माध्यमिक स्कूलों के लिए 150 क्विं. 30 किग्रा खाद्यान्न का आवंटन शामिल है।

### बच्चों को खीर-पूड़ी व चाकलेट बांटी

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में बाल दिवस मनाया गया। कक्षा तीसरी की छात्रा लावन्या और चंचल ने अंग्रेजी में भाषण दिया। छात्रा-छात्राओं के लिए कुर्सी दौड़, नड्डा दौड़, फुगड़ी का आयोजन हुआ। कक्षा पांचवीं के छात्रों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता हुई। बाल दिवस के अवसर पर स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती झमित मेश्राम मेडम ने बच्चों को खीर-पूड़ी खिलाई।

## अहिल्याबाई ने अंग्रेजों की गुलामी कभी स्वीकार नहीं की : तुलसीराम




- हाईस्कूल घठुला में मनाई गई अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

हाईस्कूल घठुला में अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गई। मुख्य वक्ता प्रभारी प्राचार्य राजेश तिवारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति बहुत ही समृद्धिशाली रही जिसने हमें तक्षशिला, नालंदा जैसे शिक्षा के केंद्र दिए। द्वादश शिवलिंग मंदिरों के निर्माण में रानी अहिल्याबाई ने विशेष योगदान दिया।

अहिल्याबाई होल्कर समिति के खंडसचिव अधिवक्ता तुलसीराम साहू ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर मालवा ही नहीं पूरे हिन्दुस्तान की रानी के साथ पूरी प्रजा के लोक कल्याण के कार्य किये। इस लिए लोकमाता कहलाती है। उन्होंने किसान परिवार में जन्म लिया और अपने मधुर व्यवहार ,भगवान शिव की आराधना के कारण, कठिन संघर्ष करते हुए अपने पति , पुत्र, ससुर की युद्ध में मौत होने के बाद भी साहस का परिचय देते हुए कठिन परिस्थितियों में अपने कुशल रणनीति के कारण महिलाओं की सेना बनाकर युद्ध में विजय हासिल की। उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी तो क्या समझौता भी स्वीकार नहीं किया। भारतीय अस्मिता और गौरव बनाये रखी। महारानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से हमें प्रेरणा लेकर अपने जीवन को संवारना है। कार्यक्रम में रूपेंद्र साहू राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, जैनेंद्र साहू, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष, उत्तम साहू, मेहरू राम कश्यप, व्यख्यातागण ओमप्रकाश साहू, चुन्नूलाल साहू, शाला नायक भूनेंद्र साहू, आलोक साहू, प्रेम कुमार देवांगन, युवराज साहू, दिव्यांशु, झरना कोसरे, जिज्ञासा, पल्लवी कौशिक, सुकन्या सोनी, गोपिका कुंजाम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्यख्याता हेमन्त कुमार जांगड़े ने किया।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


## खबर संक्षेप

### लेखराज ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



**धमतरी।** ईमानदारी से काम करने के बाद भी कांग्रेस पार्टी में उपेक्षित किए जाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के प्रदेश पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष लेखराज सिन्हा ने पद सहित कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को प्रेषित किया है। प्रतिलिपि जिलाध्यक्ष शरद लोहाना और केशव चंद्राकर को भी भेजा है। इस्तीफा देते हुए कांग्रेस प्रदेश पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष लेखराज सिन्हा ने बताया कि वे शुरू से कांग्रेस पार्टी में निःस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे थे। उनकी शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अच्छी पकड़ है, जिसे देखते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी के प्रदेश पिछड़ा वर्ग का अध्यक्ष बनाया गया था। चुनाव के दौरान उनकी गुडविल का कांग्रेसजनों ने भरपूर उपयोग किया। विधानसभा चुनाव में जीत मिलने के बाद उनकी उपेक्षा की जा रही है। उनकी पूछपरख नहीं की जा रही है। स्थिति को देखते हुए उन्होंने खुद को लोकसभा चुनाव से दूर कर लिया था। इसके बाद भी कांग्रेस पार्टी में उनकी उपेक्षा की जा रही है। इससे व्यथित होकर उन्होंने इस्तीफा दिया है।

### 13 प्रतिशत उपभोक्ताओं से ही सुरक्षा निधि राशि की डिमांड



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के लागू नियमानुसार हर वर्ष माह अक्टूबर में विद्युत उपभोक्ताओं के खाते में जमा सुरक्षा निधि राशि की समीक्षा की जाती है। वर्तमान में लागू टैरिफ के अनुसार उपभोक्ता के खाते में उसके द्वारा विगत 12 माह में किए गए विद्युत खपत के दो माह के बिल के बराबर अमानत राशि रखने का प्रावधान है। जिन उपभोक्ताओं के खाते में अमानत राशि दो माह के बिल से कम है। केवल उनसे ही अतिरिक्त सुरक्षा निधि राशि की डिमांड की गई है । जिनके खाते में सुरक्षा निधि की राशि 2 माह के विद्युत बिल के बराबर या अधिक है। उनसे अतिरिक्त सुरक्षा निधि राशि की डिमांड नहीं की गई है। धमतरी संभाग अंतर्गत कुल विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या 126 219 है जिसमें से केवल 16416 उपभोक्ताओं से ही अतिरिक्त सुरक्षा निधि की डिमांड की गई जो लगभग 13 प्रतिशत ही है। धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी ने बताया कि अतिरिक्त सुरक्षा निधि की डिमांड किए गए माह अक्टूबर 2024 के बिलों की जांच कराई गई है एवं सभी को सही-सही बिल जारी होना पाया गया है। वर्तमान में सभी सिंगल फेस घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद भी वास्तविक खपत की पुरानी पद्धति से ही बिलिंग की जा रही है। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि अंतिम देय तिथि के पूर्व बिजली बिल का भुगतान कर सहयोग प्रदान करें।


9 माह में 81 लोगों का हुआ एफएनएससी टेस्ट

# जिला अस्पताल की हमर लैब में मिल रही कैंसर जांच की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल की हमर लैब में बीते 9 माह में 81 लोगों का एफएनएससी टेस्ट कर कैंसर की प्रारंभिक जांच की जा चुकी है। वहीं लैब में एक्स्ट्रा परमेन्ट्री टेस्ट व एलिजा टेस्ट की सुविधा भी शुरु हो गई है।

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की धमतरी जिले में पर्याप्त जांच की सुविधा नहीं है। कुछ निजी सेंटर में एफएनएससी व बायोप्सी सेम्पल कलेक्ट कर जांच के लिए बाहर भेजा जाता है। इसके लिए 15 सौ से 3 हजार का चार्ज किया जाता है। सस्पेक्टेड जांच के लिए राजधानी तक दौड़ लगानी पड़ती है, लेकिन कैंसर की प्रारंभिक जांच बीते फरवरी माह से जिला अस्पताल की हमर लैब में शुरु हो चुकी है। बीते 9 माह में 81 लोगों का एफएनएससी टेस्ट किया जा चुका है। कुछ की रिपोर्ट पॉजिटिव व कुछ सामान्य पाई गई।



पैथालाजिस्ट डा.आदित्य सिन्हा ने बताया कि एफएनएससी फाइन निडिल एस्पिरेशन साइटोलाजी से संभावित गांठ व सिरोसिस के बाद होने वाली डिसीज के संबंध में जानकारी मिलती है। हमर लैब में कैंसर की जांच सुविधा होने से जल्द ही उपचार शुरु कर कैंसर पर काबू पाया जा सकता है। यह सुविधा हमर लैब में फरवरी 2024 से शुरु हो गई है। अक्टूबर माह तक 81 लोगों की जांच की जा चुकी है। पैथालाजिस्ट डा.सिन्हा ने बताया कि महिलाओं में सर्वाइकल, सर्विक्स व ब्रेस्ट कैंसर की शिकायत ज्यादातर होती है। इसके अतिरिक्त लैब में छिपे हुए टीबी की जांच की जा रही है। सामान्य टीबी रोग का संबंध फेफड़ों से होता है। लेकिन यह टीबी रोग फेफड़े के अतिरिक्त बाल व नाखून को छोड़कर शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है। जिसे लैब में एक्स्ट्रा परमानेंट्री टेस्ट कर डिटेक्ट किया जाता है। इसी तरह लैब में एलिजा का टेस्ट फ्री आफ कास्ट है जिससे एचआईवी, एचबीएस एजी व हेपेटाइटिस की जांच की जाती है। जिला अस्पताल की हमर लैब में पिछली बीमारी का जल्द डायग्नोसिस व उपचार किया जा सकता है।

**जांच जरूर कराएं**

पैथालाजिस्ट डा. आदित्य सिन्हा ने कहा कि महिलाओं में सर्विक्स व ब्रेस्ट कैंसर के केस ज्यादा आते हैं। समस्या को छिपाने की बजाय एफएनएससी जांच अवश्य कराये। गायनोकोलाजिस्ट रिपोर्ट के बाद जल्द उपचार शुरु कर बीमारी पर काबू पा सकेंगे।

# निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी आज से रहेंगे हड़ताल पर



- अनिश्चितकालीन आंदोलन की सूचना ज्ञापन के माध्यम से आयुक्त को दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरीय निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 19 नवंबर मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। संघ के पदाधिकारियों ने मांगों के संबंध में ज्ञापन और सूचना आयुक्त को प्रेषित की है।

संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश मारोठे, मो. फिरोज खान, हेमराज गजेंद्र, राजा साहू, नरेश सोना, सूरज भारती, मुकेश साहू, धर्मेंद्र देवांगन, अतीश मिश्रा, जतिन मारकंडे, धनेश सिन्हा, चंद्रहास ने बताया कि प्लेसमेंट कर्मचारी नगरीय निकायों में विगत 15-20 वर्षों से कार्यरत हैं। सभी कर्मचारी निकायों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के समकक्ष कार्य करते हैं जो अपनी मांगों को लेकर कई वर्षों से संघर्षरत हैं। संघ की मांग है कि सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग की तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन मिले। इसके लिए समय-समय पर धरना प्रदर्शन, आंदोलन, ज्ञापन देकर शासन को अवगत कराया गया परंतु शासन-प्रशासन ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया। इससे कर्मचारियों में असंतोष है। संघ के कर्मचारी 19 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। मूलभूत सुविधाएं सफाई, जलकार्य, विद्युत कार्य, कार्यालयीन कार्य, लोक सेवा कार्य आदि बंद रहेंगे।

# स्थायी शिक्षक की मांग को लेकर पालक 21 को करेंगे प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

प्राशा ठेनही के शिक्षक अनिरूध्द नेताम के प्रमोशन के बाद प्राशा ठेनही एकल शिक्षक हो गया है। शिक्षक की मांग के लिए आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी के पास किया जा चुका है। उसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दौड़ पंडरीपानी के शिक्षक आकाश गोगुला को सप्ताह में तीन दिन (गुरुवार, शुकवार, शनिवार) के लिए प्राशा ठेनही भेजा जा रहा है, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों ने कहा कि हमें स्थायी शिक्षक चाहिए, अगर स्थायी शिक्षक नहीं दे सकते तो स्कूल को बंद कर देना चाहिए। स्थायी शिक्षक नहीं मिलने पर 21 नवंबर गुरूवार को कोई भी पालक अपने बच्चे को स्कूल नहीं भेजेंगे और स्कूल में ताला बंद कर धरना प्रर्दशन करेंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति संतोष मरई, जितेश बोरमरिया, आसकरण बोरमरिया, रुपेश्वर नाग, शीतल कुमार, श्रीधन सोम, देवराज धनमन, लाल राजकुमार, सुरेश, संतोष कश्यप मौजूद थे।

# मालगांव के किसानों की जमीन, रिकार्ड से गायब

- टोकन नहीं कटने से परेशान कृषकों ने कलेक्टोरेट में उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का क्या हाल है। इसकी बानगी गंगरेल डूब प्रभावित मालगांव में दिख रही है। 14 नवंबर से उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी शुरु हो गई है लेकिन मालगांव में एक भी किसान ऐसा नहीं है जहां उपज बेचने के लिए उनका टोकन कट पाया है। डूब प्रभावित किसानों ने सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद की है। गंगरेल बांध के दूसरे छोर में बसे डूब प्रभावित मालगांव के किसान धर्मराज, रूखम, यशवंत, रामस्वरूप, रघुनाथ, महेश नेताम ने बताया कि डूब क्षेत्र की बचत भूमि में यहां के किसान वर्षों से कृषि करते आ रहे हैं। सभी किसानों को अस्थाई पट्टा मिला हुआ है। अस्थाई पट्टा के माध्यम से मालगांव के किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचते आ रहे हैं। उनका बारगरी समिति में पंजीयन है। मोंगरागहन केंद्र में धान बेचते हैं।

इस बार रिकार्ड से मालगांव की कृषि भूमि ही गायब है। इसके कारण गांव के किसी भी किसान का टोकन नहीं कट पाया है। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत पूर्व में भी अधिकारियों से की गई है लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला है। किसान तिलक देवांगन, उमेश, ईश्वर मरकाम, गौतम, गजाधर मंडावी, सागरबाई आदि ने बताया कि गांव में 350 एकड़ कृषि जमीन है। दर्जनों किसान यहां धान की उपज लेते हैं। उपज बेचने टोकन नहीं कट पाने से किसान चिंतित हैं। समर्थन मूल्य पर धान नहीं बिकता है तो मालगांव के किसान कर्ज में डूब जाएंगे। मोंगरागहन समिति प्रबंधक पूरब मंडावी ने बताया कि मालगांव के सभी डूब प्रभावित किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है। एनआईसी में मामला पेंडिंग में हैं। आनलाइन में जमीनों का रकबा दिखाने के बाद टोकन कट पाएगा। किसानों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मांग की है।

# रंजना ने दर्री में किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**धमतरी।** ग्राम दर्री में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। बासिंगपारा दर्री में सामुदायिक भवन व शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन, मंगल भवन के पास शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं प्राथमिक शाला में रंगमंच निर्माण कार्य का लोकार्पण हुआ। इससे पूर्व भी श्रीमती रंजना साहू द्वारा यहां गौरव पथ निर्माण कार्य, हाईमास्ट लाइट, देवगुड़ी निर्माण, स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, ज्योति कक्ष का निर्माण करवाया था। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ दयाराम साहू, भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, जनपद सदस्य गोपाल साहू, सरपंच गीतेश्वरी निरंजन साहू, प्रभुलाल साहू, उपसरपंच शेखर लाल साहू, खिलेश्वर साहू, तुलेश्वर साहू, निरंजन साहू, पुरुषोत्तम कुंभकार, नंद कुमारी साहू, चमेली साहू, पेमीन बाई, टिकेश्वरी कुंभकार, लक्ष्मी कुंभकार, शैलेंद्र कुमार, गंगाबाई नागरची सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजस्व वसूली के लिए निगम कर्मियों ने वार्डों में दी दस्तक

- टारगेट पूरा करने शहरवासियों से ऑनलाइन, आफलाइन टैक्स पटाने कर रहे आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आयुक्त प्रिया गोयल के आदेश व उपायुक्त पीसी सार्वा के मार्गदर्शन में निगम के कर्मचारियों ने राजस्व वसूली तेज कर दी है। टारगेट पूरा करने शहरवासियों से ऑनलाइन, आफलाइन टैक्स पटाने का आग्रह किया है। इसके बाद भी टैक्स जमा नहीं होने पर कर्मचारी वार्डों में जाकर घर-घर दस्तक दे रहे हैं और स्पॉट में टैक्स की वसूली कर रहे हैं। टैक्स जमा नहीं करने वाले हितग्राहियों को



निगम की सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 के अनुसार निगम को शहरवासियों से संपत्ति कर के रूप में 268.62 करोड़, समेकित कर 150.87, जलकर 189.00 करोड़, दुकानों का किराया 80.49 करोड़, भवन भू-खंड कर 1 करोड़, दुकानों की बिक्री, प्रीमियम भवन 36.43 करोड़ कालोनी अनुज्ञा 9 करोड़, विज्ञापन होर्डिंग्स कर 19.44 करोड़, पार्किंग, पशु पंजीयन, प्रदर्शनी कर 2.71 करोड़, यूजर चार्जेस 35.50 करोड़ तथा अन्य कर के रूप में 125.89 करोड़ रूपये वसूलना है। कुल टैक्स 919.45 करोड़ में से 322.91 करोड़ की वसूली हो चुकी है। पांच माह के अंदर शेष बचे हुए टैक्स की वसूली के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। अक्टूबर तक की स्थिति में 35.12 प्रतिशत तक की वसूली हो चुकी है। अभियान में तेजी लाने अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक ली जा रही है।

वार्डों में दस्तक अभियान तेज हो गया है। हर हाल में वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व टैक्स वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने 40 वार्डों के लिए टीम गठित की गई है। हितग्राहियों से ऑनलाइन, आफलाइन टैक्स पटाने आग्रह किया जा रहा है।

टैक्स वसूली अभियान के अधिकारी मो. शेरखान ने बताया कि आयुक्त एवं उपायुक्त के निर्देश के बाद उनकी टीम शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर टैक्स की वसूली कर रही है। घर घर दस्तक देकर टैक्स वसूली के लिए आग्रह किया जा रहा है। कुछ लोग ऐसे हैं जो टैक्स देने में हीलाहवाला कर रहे हैं। उन्हें कुछ दिनों की मोहलत दी जा रही है। मियाद तिथि के बाद एक्शन लिया जाएगा।

# 21 क्विंटल धान नहीं खरीदने पर किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी


बेलरबाहरा धान उपार्जन केन्द्र में 21 क्विंटल धान नहीं खरीदने पर आसपास के 15 से अधिक गांव के किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

किसानों ने बताया कि अनावरी की रिपोर्ट के अनुसार खरीदी की जा रही थी। पटवारी, ग्राम सेवक, आरआई की रिपोर्ट पोर्टल में चढ़ाई गई थी। उसके अनुसार एक एकड़ में 10 से 12 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही थी मगर वहीं राज्य सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का नियम है। नियम के तहत खरीदी नहीं होने से किसानों ने मंडी के सामने प्रदर्शन किया। सूचना पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने समिति को 21 क्विंटल धान खरीदने का निर्देश दिया। इसके बाद किसानों ने प्रदर्शन को खत्म किया। इस दौरान मेचका, बेलरबाहरा, ठेन्ही, तुमड़ीबहार, अरसीकान्हर, बोइरगांव, बासीन, दौड़ पंडरीपानी समेत 15 गांव के किसान उपस्थित थे।



# खरेंगा स्कूल में सोपान प्रशिक्षण शिविर शुरू

**धमतरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्य आयुक्त डां सोमनाथ यादव, जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा के मार्गदर्शन एवं जिला मुख्य आयुक्त टीआर जगदल्ले और विकासखंड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी, विकासखंड स्थानीय संघ धमतरी सचिव मोहितराम बनपेला के निर्देशन में द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर शाउमा विद्यालय खरेंगा में आयोजित है। शिविर में 200 स्काउट्स एवं गाइड्स भाग ले रहे हैं। शिविर का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ। प्रभारी प्राचार्य प्रतिनिधि श्रीमती एन शर्मा ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की जानकारी दी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुभाष साहू, समिति सदस्य रघु साहू ने प्रशिक्षण का महत्व बताया। मौके पर सरपंच श्रीमती अमरीका ध्रुव, शाला समिति सदस्य श्रीमती पुष्पा साहू उपस्थित थीं। शिविर को संचालित करने में सहायक संचालक हेमंत साहू, कमलेश कंवर, डुवेन्द्र मंडावी, विरेन्द्र कुमार सिन्हा, खेमलाल साहू, भूपेन्द्र कुमार सोनी, कमलेश तिवारी, कांति नायर, लतारानी ध्रुव, ललिता साहू और प्रभारी शिक्षकों का योगदान रहा।











# कालीचरण बने नगारची समाज कुरूद के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगारची समाज कुरूद ने अध्यक्ष पद के लिए कालीचरण नगारची व संरक्षक पद के लिए क्षत्रपाल नगारची को सर्वसम्मति से मनोनीत किया। रविवार को आयोजित बैठक में पदाधिकारियों का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष कालीचरण नगारची, उपाध्यक्ष बृजलाल नगारची, कोषाध्यक्ष डुमन नगारची, सचिव टीकाराम नगारची बनाये गये। बैठक में सदस्य दौवाराम नगारची, भागवतराम, श्रवण नगारची, धीरपाल नगारची, राजू, किशोर, राजेंद्र, अशोक, हीरालाल, गणेश्वर, चंद्रिका, बसंत सहित स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।





